The sanmarg
Date: 13.02.2019.

सन्मार्ग

आईआईटी भुवनेश्वर का 11वां स्थापना दिवस मना

विज्ञान एवं तकनीक प्रदर्शनी समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



भुवनेश्वर : इंडियन इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आईआईटी) भुवनेश्वर का 11वां स्थापना दिवस आज इसके जटनी के अरुगुल स्थित कैंपस में आयोजित किया गया। राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह का उद्घाटन किया। डीआरडीओ के पूर्व चेयरमैन डा एस क्रिस्टोफर ने बतौर सम्मानित अतिथि स्थापना दिवस व्याख्यान दिया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आईआईटी के निदेशक प्रो आरवी राजा कुमार ने अतिथियों और आमंत्रित लोगों का स्वागत किया और संस्थान के विकास पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान ने सभी मोर्चों पर सुधार कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अपनी अच्छी स्थिति बनायी है। शोध के क्षेत्र में आईआईटी देश में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि छात्र संस्थान की प्रगति में मुख्य भूमिका निभाते हैं और आईआईटी भुवनेश्वर के विद्यार्थियों ने वैश्विक ऊंचाईयों पर पहुंचकर हमें गौरवान्वित किया है। राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने संस्थान के निदेशक के नेतृत्व और संस्थान का भविष्य बनाने की दिशा में दृष्टिकोण की सरहना की है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो लाल ने विज्ञान और तकनीक के श्रेष्ठ उपयोग के लिए उनके द्वारा अध्यात्मिक और आंतरिक विकास पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से खुद को रोल माडल बनाने के लिए ज्यादा ध्यान केन्द्रित होने का आह्वान किया। डा एस क्रिस्टोफर ने इस अवसर पर अपना रक्षा क्षेत्र का अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों से अंदर से बहुत मजबूत और स्मार्ट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र से देश के विकास में योगदान का आह्वान किया। प्रो आरवी राजा कुमार ने इस अवसर पर घोषणा की कि संस्थान एक ओपेन हाउस आयोजित करने जा रहा है, जिसमें पहले ही 5000 विद्यार्थी पंजीकरण करा चुके हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्थान के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। अंत में आयोजन कमेटी के चेयरमैन प्रो वीआर पेडीरेड्डी धन्यवाद ज्ञापन किया। संस्थान के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं तकनीक प्रदर्शनी समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।